YouTube चैनल
Tez Education

प्र. बेगम असगरी बाई का जन्म किस जिले में हुआ था? ( जेल प्रहरी - 2017)

(a) छतरपुर (b) इंदौर

(c) भोपाल (d) जबलपुर

उत्तर- (a) पद्मश्री से सम्मानित बेगम असगरी बाई का जन्म 1918 में छतरपुर जिले के निजावर में हुआ था यह प्रसिद्ध ध्रुपद गायिका है 1986 में इन्हें शिखर सम्मान दिया गया

प्र. जल बिहारी का मेला कहां आयोजित किया जाता है? (MPPSC - 2019)

(a) छतरपुर (b) सीधी

(c) होशंगाबाद (d) सिवनी

उत्तर- (a) जल बिहारी का मेला छतरपुर में आयोजित किया जाता है इस मेले का आयोजन दशहरा से दीपावली तक किया जाता है

प्र. भारत का प्रसिद्ध नृत्य समारोह कहां आयोजित होता है? ( आबकारी आरक्षक परीक्षा – 2012)

(a) खजुराहो (b) उज्जैन

(c) सांची (d) भोपाल

उत्तर- (a) अंतर्राष्ट्रीय महत्व का सात दिवसीय समारोह प्रतिवर्ष फरवरी माह में आयोजित किया जाता है यह भारतीय शास्त्रीय नृत्य का सबसे बड़ा समारोह है खजुराहो नृत्य समारोह का प्रारंभ 1975 से किया गया है

प्र. सयाजी द्वार कहां स्थित है?

(a) इंदौर (b) भोजपुर

(c) देवास (d) रीवा

Tez Education सब्सक्राइब करें

उत्तर- (c) सयाजी द्वारा देवास में स्थित है यह ऐतिहासिक द्वार शहर की सभी गतिविधियों का केंद्र है देवास जिले में तुलजा भवानी का मंदिर है और चामुंडा देवी का मंदिर स्थित है

प्र. चित्रकूट रामायण काल से ही एक लोकप्रिय नाम है यह मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है? (ANM Test – 2016)

(a) सतना (b) पन्ना

(c) रीवा (d) सीधी

उत्तर- (a) सतना जिले में मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित है राज्य सरकार द्वारा इसे पवित्र नगर का दर्जा दिया गया है चित्रकूट में सती अनसुईया आश्रम, भारत मिलाव मंदिर, हनुमान धारा, सीताकुंड, रामघाट आदि धार्मिक स्थल स्थित है

प्र. अप्सरा जलप्रपात कहां स्थित है? (ANM Test – 2017)

(a) पचमढ़ी (b) अमरकंटक

(c) रायसेन (d) इंदौर

उत्तर- (a) यह जलप्रपात होशंगाबाद जिले के पचमढ़ी में स्थित है इस जलप्रपात को परीफॉल्स भी कहा जाता है

प्र. केवटी मध्य प्रदेश के___ जिले में है? (Labour Inspector – 2017)

(a) भोपाल (b) सतना

(c) ग्वालियर (d) रीवा

उत्तर- (d) यह जलप्रपात रीवा जिले में बीहड़ की सहायक नदी महाना नदी पर स्थित है यहां मकर संक्रांति पर प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है

प्र. मध्य प्रदेश का पहला पिंक रेलवे स्टेशन कौन सा है? ( जेल प्रहरी - 2020)

(a) मदनमहल (b) इटारसी

(c) इंदौर (d) ग्वालियर

उत्तर- (a) एक ऐसा रेलवे स्टेशन जहां स्टेशन मास्टर से लेकर सफाई कर्मी और सुरक्षाकर्मी तक सभी महिलाएं होंगी 8 मार्च 2019 को जबलपुर के मदन महल को मध्य प्रदेश का पहला पिंक रेलवे स्टेशन और भारत का तीसरा पिंक रेलवे स्टेशन का दर्जा दिया गया है

प्र. मध्य प्रदेश में रेल सेवा आयोग का मुख्यालय कहां है? ( जेल प्रहरी - 2017)

(a) इंदौर (b) जबलपुर

(c) भोपाल (d) ग्वालियर

उत्तर- (c) मध्य प्रदेश में रेल सेवा आयोग का मुख्यालय प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थापित किया गया है

प्र. मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना कब प्रारंभ की गई? (MPPSC – 2018)

(a) 2009-10 (b) 2010-11

(c) 2011-12 (d) 2012-13

उत्तर- (b) प्रारंभ- 2010- 2011, उद्देश्य- ग्रामीण क्षेत्र में सामान्य क्षेत्र के 500 और आदिवासी क्षेत्र के 250 से कम आबादी वाले ग्रामों में ग्राम सड़क का निर्माण कराना

प्र. राजा भैय्या पूंछ वाले का मूल नाम क्या था? (ग्रुप 2 – 2017)

(a) शंकर राव (b) राजेंद्र राव

(c) बालकृष्ण आप्टेकर (d) रविंद्र आप्टेकर

उत्तर- (c) इनका जन्म 1882 में ग्वालियर में हुआ था इनका मूलनाम बालकृष्ण आप्टेकर था

YouTube Education सब्सक्राइब करें

प्र. मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा गुरुद्वारा कहां स्थित है? ( पटवारी - 2017)

(a) ग्वालियर (b) इंदौर

(c) बुरहानपुर (d) भोपाल

| |
|---|
| उत्तर- (a) मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा गुरुद्वारा - बंदी छोड़ (ग्वालियर) में है |
| प्रदेश की सबसे बड़ी मस्जिद - ताजुल मस्जिद (भोपाल) में है |
| प्रदेश की सबसे बड़ी छोटी मस्जिद - ढाई सीढ़ी (भोपाल) में है |
| मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा मंदिर – (खजराना) इंदौर में है |
| मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा चर्च - भोपाल में है |

प्र. गुप्तकालीन भूमरा का शिव मंदिर किस जिले में स्थित है?

(a) रीवा (b) सतना

(c) कटनी (d) जबलपुर

उत्तर- (b) मध्य प्रदेश के सतना जिले में भूमरा नामक स्थान से पाषाण निर्मित एकमुखी शिवलिंग मंदिर स्थित है

प्र. तिगवा का विष्णु मंदिर कहां स्थित है?

(a) जबलपुर (b) कटनी

(c) छिंदवाड़ा (d) सिवनी

उत्तर- (b) मध्य प्रदेश के कटनी जिले में तिगवा नामक स्थान पर विष्णु मंदिर स्थित है इस मंदिर के स्तंभों के ऊपर कलश तथा कलशों के ऊपर सिंह की मूर्तियां बनाई गई है

प्र. मध्य प्रदेश की प्रमुख फसल कौन सी है? (MPPSC - 2020)

(a) चावल (b) गेहूं

(c) मक्का (d) बाजरा

उत्तर- (b) कुल – ग्रेमीनेसी,

वानस्पतिक नाम – ट्रिटीकम एस्टीवम,

औसत वर्षा – 100 सेमी. से कम, किश्में – शरबती, लोकमन, सुजाता,

| |
|---|
| अग्रणी उत्पादक राज्य - उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश |

प्र. आचार्य विनोवा भावे ने किसे 'संस्कार राजधानी' की संज्ञा दी है? (पटवारी – 2017)

YouTube चैनल
Tez Education

(a) भोपाल (b) जबलपुर

(c) ग्वालियर (d) इंदौर

| |
|---|
| उत्तर- (b) जबलपुर- न्यायिक राजधानी, संस्कार राजधानी |
| भोपाल- प्रशासनिक राजधानी, |
| इंदौर- व्यावसायिक राजधानी, आर्थिक राजधानी, खेल राजधानी, |
| सिंगरौली- ऊर्जा राजधानी, |
| पचमढ़ी- ग्रीष्मकालीन राजधानी, |
| मैहर- संगीत राजधानी |

प्र. मध्य प्रदेश मराठी अकादमी कहां स्थित है?

(a) छिंदवाड़ा (b) पांडुर्णा

(c) बालाघाट (d) भोपाल

उत्तर- (d) मध्य प्रदेश मराठी अकादमी 2010 में भोपाल में स्थापित की गई है

प्र. किस गांव में तेजाजी का मेला आयोजित होता है? ( जेल प्रहरी – 2017)

(a) भामावद (b) घोघरा

(c) संवारा (d) पोरसा

उत्तर- (a) तेजाजी का मेला गुना जिले के भामावद में आयोजित किया जाता है यह मेला फरवरी माह में लगता है

प्र. धामोनी उर्स मेले का आयोजन कौन से जिले में होता है? (MPSI – 2017)

(a) सागर (b) नरसिंहपुर

(c) मंदसौर (d) रीवा

उत्तर- (a) सागर जिले में धामोनी उर्स का आयोजन बाबा मस्तान शाह की याद में किया जाता है यह उर्स अप्रैल- मई में 15 दिन के लिए आयोजित होता है

YouTube Education सब्सक्राइब करें

प्र. निम्नलिखित में से कौन से मेले में जमात नामक भक्तों का समूह विश्व भर से आता है? (MPSI – 2017)

(a) बरमान का मेला (b) महामृत्युंजय का मेला

(c) आलमी तब्लीगी इज्तिमा (d) सिंहस्थ

| |
|---|
| उत्तर- (c) आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आयोजन भोपाल शहर में किया जाता है यह 3 दिन के लिए आयोजित किया जाता है |

प्र. मध्य प्रदेश का राजकीय वृक्ष कौन सा है? ( डेयरी फेडरेशन - 2016)

(a) अशोक (b) आम

(c) पीपल (d) बरगद

Tez Education

| |
|---|
| उत्तर- (d) वानस्पतिक नाम- फाइकस वेनगैलेंसिस, |
| प्रजाति- फाइकस, |
| बाहुल्य क्षेत्र- संपूर्ण मध्य प्रदेश, घोषित वर्ष- 1981 |

प्र. मध्य प्रदेश की मेघा परमार एक है? (म.प्र. पुलिस – 2023)

(a) पत्रकार (b) गायक

(c) क्रिकेटर (d) पर्वतारोही

उत्तर- (d) सुश्री मेघा परमार मध्य प्रदेश के सीहोर जिले की रहने वाली पर्वतारोही और तकनीकी स्कूबा गोताखोर है माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली मध्य प्रदेश की पहली महिला बनी

प्र. मध्य प्रदेश के किस शहर में आदित्य जोशी का जन्म हुआ था? (पटवारी - 2023)

(a) सतना (b) धार

(c) रतलाम (d) कटनी

उत्तर- (b) आदित्य जोशी एक भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी है वह पहले पुरुष भारतीय जूनियर बैडमिंटन खिलाड़ी है जिन्होंने विश्व जूनियर रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया जोशी का जन्म मध्य प्रदेश के धार जिले में हुआ

प्र. मध्य प्रदेश के राजकीय गान के रचनाकार कौन है? (MPSI – 2012)

(a) बालकवि (b) माखनलाल चतुर्वेदी

(c) श्री महेश श्रीवास्तव (d) दीपक तिवारी

| |
|---|
| उत्तर- (c) घोषणा- 26 जुलाई 2011, |
| रचनाकार- महेश श्रीवास्तव, |
| संगीतकार- सुनील झा, गायक- शांतनु मुखर्जी |

प्र. कालिदास अकादमी की स्थापना किस सन् में हुई (म.प्र. राज्य वन सेवा परीक्षा - 2010)

YouTube Tez

(a) 1975 (b) 1977

(c) 1979 (d) 1981

| |
|---|
| उत्तर- (b) स्थान- उज्जैन |
| स्थापना- 1977-78 |
| कालिदास अकादमी उज्जैन में प्रतिवर्ष कालिदास समारोह का आयोजन किया जाता है जिसके उपलक्ष्य पर यहां कालिदास सम्मान की घोषणा भी की जाती है |

प्र. बाबा शाहबुद्दीन का मेला मध्य प्रदेश में किस स्थान पर होता है? (म.प्र. पुलिस – 2023)

(a) शिवपुरी, सांवरा (b) नीमच

(c) सीधी (d) चंदेरी

उत्तर- (b) यह मेला मध्य प्रदेश के नीमच जिले में आयोजित किया जाता है इस मेले का आयोजन फरवरी माह में 4 दिन के लिए किया जाता है

प्र. चैत्र उत्सव नृत्य मध्य प्रदेश में किस जनजाति में होता है? ( कराधान सहायक - 2010)

(a) गोंड जनजाति में (b) बंजारा जनजाति में

(c) बैगा जनजाति में (d) कोरकू जनजाति में

उत्तर- (a) चैत्र उत्सव नृत्य गोंड जनजाति द्वारा जबलपुर, मंडला, छिंदवाड़ा, बैतूल आदि क्षेत्रों में किया जाता है

प्र. हाल ही में मिंटो हॉल का नाम बदलकर क्या कर दिया है? ( पुलिस आरक्षक - 2021)

(a) कुशाभाऊ ठाकरे हॉल (b) टंट्या मामा भील हॉल

(c) पंडित दीनदयाल हॉल (d) रानी कमलापति हॉल

YouTube Tez

उत्तर- (a) मिंटो हॉल भोपाल में स्थित है यह पुराना विधानसभा भवन था इसके वास्तुकार ए. सी.रॉबिन थे मिंटो हॉल का निर्माण सुल्तान जहां बेगम ने वायसराय लॉर्ड मिंटो के स्वागत में बनवाया था

प्र. मध्य प्रदेश में खरगोन का महाकालेश्वर मंदिर किस की राजवंश वास्तुकला को दर्शाता है? (म.प्र. पुलिस – 2023)

(a) परमार (b) गुप्ता

(c) मुगल (d) चंदेल

उत्तर- (a) खरगोन का महाकालेश्वर मंदिर खरगोन जिले के उन में स्थित है इसका निर्माण 11वीं शताब्दी के अंत में परमार राजाओं के संरक्षण में हुआ है

प्र. कृष्णराव पंडित संगीत के किस घराने से संबंधित है? ( जेल प्रहरी - 2017)

(a) इंदौर घराना (b) आगरा घराना

(c) किराना घराना (d) ग्वालियर घराना

| |
|---|
| उत्तर- (d) कृष्णराव पंडित का जन्म ग्वालियर में हुआ था संगीत मार्तण्ड की उपाधि से सुशोभित है गायक शिरोमणि व ताल सम्राट की उपाधि सरदार पटेल द्वारा दी गई |

प्र. सिद्धेश्वर सेन का संबंध किससे है?

(a) माच नाट्य (b) राई नृत्य

(c) पंडवानी गीत (d) इनमें से कोई नहीं

| |
|---|
| उत्तर- (a) मध्य प्रदेश का राजकीय नाट्य है |
| विषय वस्तु- मालवीय लोक जीवन पर आधारित |
| माच के प्रमुख कलाकार- सिद्धेश्वर सेन और ओम प्रकाश शर्मा |

प्र. मैकाल श्रेणी संबंधित है? (Assistant Registrar – 2023)

(a) विंध्याचल श्रेणी से (b) सतपुड़ा श्रेणी से

(c) देवगढ़ श्रेणी से (d) कैमूर श्रेणी से

| |
|---|
| उत्तर- (b) यह सतपुड़ा का पूर्वी भाग है इसके अंतर्गत अमरकंटक, किरार घाटी, अचानकमार आते हैं मध्य प्रदेश में इस भाग की सबसे ऊंची चोटी अमरकंटक है |

प्र. मध्य प्रदेश का निम्न में से कौन सा जिला बुंदेलखंड पठार के अंतर्गत नहीं आता है? ( पटवारी - 2023)

(a) शहडोल (b) दतिया

(c) छतरपुर (d) पन्ना

उत्तर- (a) स्थिति- मध्य भारत के पूर्व में तथा रीवा- पन्ना के पठार के उत्तर- पश्चिम में स्थित है, संबंधित प्रमुख जिले- दतिया, सागर, अशोक नगर, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना

प्र. जोबट के भील किस प्रकार की दरी बनाते हैं? ( जेल प्रहरी - 2017)

(a) ऊनी दरियां (b) प्लास्टिक दरियां

(c) धागा दरियां (d) पुंजा दरियां

Tez Education सब्सक्राइब करें

उत्तर- (d) अलीराजपुर जिले की जोबट तहसील की भील जनजाति द्वारा पुंजा दरियां का निर्माण किया जाता है

प्र. कॉमन कॉर्प, सिल्वर कॉर्प और ग्रास कॉर्प मध्य प्रदेश में प्रचलित____के प्रकार हैं? ( पटवारी - 2017)

(a) मछली (b) चावल

(c) संतरा (d) दाल

उत्तर- (a) कॉमन कॉर्प, सिल्वर कॉर्प और ग्रास कॉर्प मध्य प्रदेश में प्रचलित मछली के प्रकार हैं

प्र. अमरगढ़ जलप्रपात मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है?

(a) सीहोर (b) विदिशा

(c) बैतूल (d) छिंदवाड़ा

उत्तर- (a) भोपाल से 65 किमी. दूर सीहोर जिले में स्थित है 150 फिट ऊंचा अमरगढ़ जलप्रपात वर्षा ऋतु में प्रमुख पिकनिक स्पॉट रहता है

प्र. हनुमान ताल, गलोआताल, देवताल, सपाताल, माढोताल, आधारताल, गंजताल, परशुराम कुंड, संग्राम सागर झील किस जिले में स्थित है?

(a) भोपाल (b) जबलपुर

YouTube चैनल
Tez Education

(c) ग्वालियर (d) सागर

उत्तर- (b) जबलपुर को 52 ताल का शहर कहा जाता है जबलपुर की प्रमुख झीलें- हनुमान ताल, गलोआतल, देवताल, सपाताल, माढोताल,

आधारताल,गंजताल,परशुराम कुंड, संग्राम सागर झील जबलपुर जिले में स्थित है

प्र. चैंचपुर जलप्रपात मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है?

(a) जबलपुर (b) कटनी

(c) उमरिया (d) अनूपपुर

उत्तर- (c) उमरार बांध, चैंचपुर जलप्रपात, भामरा बांध बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान एवं अमोल खोह मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में स्थित है

प्र. मध्य प्रदेश में न्यूनतम पशु घनत्व जिला है?

(a) धार (b) भोपाल

(c) झाबुआ (d) मंडला

उत्तर- (d) मध्य प्रदेश में सर्वाधिक पशु- धार जिला, मध्य प्रदेश में न्यूनतम पशु- भोपाल जिला, मध्य प्रदेश में पशुओं को औसत घनत्व- 128 प्रति वर्ग किमी.

प्र. खंडवा की प्रमुख सब्जी उपज है? (MP CONSTABLE – 2021)

Education सब्सक्राइब करें

(a) आलू (b) खीर

(c) प्याज (d) टमाटर

उत्तर- (c) प्याज खंडवा जिले की मुख्य सब्जी है प्याज 6999 हेक्टेयर क्षेत्र में बोया जाता है और 2018-19 में 13324 मिलियन टन उत्पादन होता है

प्र. नरसिंहपुर जिला किसका प्रमुख उत्पादक है? (MP CONSTABLE – 2021)

(a) गन्ना (b) केला

(c) संतरा (d) अनन्नास

उत्तर- (a) मध्य प्रदेश के कुल गन्ना क्षेत्र का लगभग 65% नरसिंहपुर जिले से उत्पादन होता है इसे मध्य प्रदेश का चीनी का कटोरा कहा जाता है

प्र. प्रतिशत की दृष्टि से मध्य प्रदेश में न्यूनतम अनुसूचित जनजाति वाला जिला कौन सा है? ( पटवारी - 2017)

(a) मुरैना (b) भिंड

(c) रतलाम (d) भोपाल

| |
|---|
| उत्तर- (b) न्यूनतम अनुसूचित जनजाति जनसंख्या प्रतिशत वाले जिले |
| भिंड- 0.4 |
| मुरैना- 0.9 |
| दतिया- 1.9 |

प्र. सैतम नृत्य किस जनजाति से संबंधित है? ( पुलिस आरक्षक - 2016)

(a) भारिया (b) कोरकू

(c) बैगा (d) भील

| |
|---|
| उत्तर- (a) मध्य प्रदेश में जनजाति नृत्य |
| भारिया जनजाति द्वारा- भड़म, सैतम |
| बैगा जनजाति द्वारा- करमा, परधौनी, |
| कोरकू जनजाति द्वारा- चटकोरा, ढांढल |
| गोंड जनजाति द्वारा- सैला, गेड़ी |

| |
|---|
| सहरिया जनजाति द्वारा- रागिनी, लहंगी |
| मुड़िया जनजाति द्वारा- गौर, पंडवानी |

प्र. मध्य प्रदेश के निम्नलिखित क्षेत्रों में से कौन से क्षेत्र में मानसून के दौरान सबसे कम वर्षा होती है? ( जेल प्रहरी - 2017)

(a) उत्तर- पूर्व (b) उत्तर- पश्चिम

(c) दक्षिण- पूर्व (d) दक्षिण- पश्चिम

उत्तर- (b) मध्य प्रदेश में वर्षा अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों से प्राप्त होती है मध्य प्रदेश के उत्तर- पश्चिम भाग में वर्षा ऋतु के दौरान सबसे कम वर्षा होती है मध्य प्रदेश में पूर्वी भाग में सबसे अधिक वर्षा होती है

प्र. मध्य प्रदेश में किस स्थान पर न्यूनतम वर्षा होती है? (Steno typist and Assistance Grade 3 – 2016)

(a) भिंड (b) मंदसौर

(c) बालाघाट (d) रायसेन

उत्तर- (a) मध्य प्रदेश में न्यूनतम वर्षा वाला स्थान- गोहद (भिंड जिला), मध्य प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान- पचमढ़ी (होशंगाबाद जिला), मध्य प्रदेश में सर्वाधिक औसत वर्षा वाला जिला- बालाघाट, मध्य प्रदेश में न्यूनतम औसत वाला जिला- भिंड

प्र. मध्य प्रदेश के वार्षिक औसत वर्षा कितनी होती है? (MP Forest Service – 2010)

(a) 50-75 सेमी.
(b) 75-100 सेमी.
(c) 100-150 सेमी.
(d) 100-125 सेमी.

उत्तर- (d) मध्य प्रदेश में औसत वर्षा 100-125 सेमी. होती है

प्र. मध्य प्रदेश में निम्नलिखित में से कौन सा स्थान विंध्य, मैकाल और सतपुड़ा पर्वतमाला का मिलन बिंदु है? ( पटवारी – 2023)

(a) अमरकंटक
(b) उज्जैन
(c) सांची
(d) धार

उत्तर- (a) मध्य प्रदेश में अमरकंटक पहाड़ी को विंध्य, मैकाल और सतपुड़ा पर्वतमाला का मिलन बिंदु माना जाता है अमरकंटक मध्य प्रदेश में स्थित मैकाल श्रेणी की सबसे ऊंची चोटी है

प्र. निम्न में से कौन सी चोटी मध्य प्रदेश में नहीं है? ( पटवारी - 2023)

(a) कलसूबाई (b) पुरोगढ़

(c) चौरागढ़ (d) तितंगा पहाड़ी

उत्तर- (a) मध्य प्रदेश की प्रमुख चोटियां- पुरोगढ़, चौरागढ़, कालीभीत, चूलगिरी, कलसुबाई महाराष्ट्र में है

प्र. सुमेर सिंह मध्य प्रदेश के किस लोक गायन से संबंधित है?

(a) कलगी तुर्रा (b) निर्गुणिया

(c) हीड़ गायन (d) मोपे गायन

उत्तर- (a) क्षेत्र- संपूर्ण निणाड़ अंचल में

गायन शैली- वाद- विवाद लोक गायन शैली है

अवसर- रात के समय गाए जाने वाले लोकगीत हैं

YouTube Education सब्सक्राइब करें

प्रमुख कलाकार- सुमेर सिंह और मंसाराम

प्र. स्वतंत्रता आंदोलन में निवाड़ी जिले की थौना लुहारी गोली कांड की घटना कब घटित हुई थी? (MPPSC – 2023)

(a) 1922 (b) 1931

(c) 1939 (d) 1942

उत्तर- (c) स्वतंत्रता आंदोलन में निवाड़ी जिले की थौना लुहारी गोलीकांड की घटना 1939 में घटित हुई थी

प्र. मध्य प्रदेश में जंतर- मंतर स्थित है? (State Engineering – 2014)

(a) सिवनी (b) सांची

(c) विदिशा (d) उज्जैन

उत्तर- (d) जंतर- मंतर का निर्माण जयपुर के महाराजा सवाई राजा जयसिंह ने 1719 में किया था जब वे दिल्ली के बादशाह मोहम्मद शाह के शासनकाल में मालवा के राज्यपाल के रूप में उज्जैन में थे

Education सब्सक्राइब करें

प्र. 1893 में स्वामी विवेकानंद ने मध्य प्रदेश के किस शहर की यात्रा की?

(a) भोपाल (b) खंडवा

(c) उज्जैन (d) इंदौर

उत्तर- (b) 1893 में शिकागो सम्मेलन के पहले स्वामी विवेकानंद ने मध्य प्रदेश के खंडवा शहर की यात्रा की इन्होंने नगर पालिका के तत्कालीन प्रेसिडेंट बाबू हरिदास चटर्जी के यहां मेहमान नबाजी की

प्र. निम्न में से किस वर्ष महाविभाजक वर्ष हुआ था? (MPSI - 2017)

(a) 1911 (b) 1921

(c) 1931 (d) 1951

उत्तर- (b) भारत में 1921 के दशक में जन्म वृद्धि दर न्यूनतम रही थी यह वर्ष महाविभाजक वर्ष कहलाता है

प्र. __लघु विभाजक वर्ष कहलाता है?

(a) 1931 (b) 1941

(c) 1951 (d) 1961

उत्तर- (c) भारत में 1951 में जन्म वृद्धि दर अधिकतम रही थी इस वर्ष को लघु विभाजक वर्ष कहा जाता है

प्र. निम्न में से मध्य प्रदेश का उत्तरी जिला कौन सा है? ( जेल प्रहरी - 2020)

(a) अलीराजपुर (b) सीहोर

(c) भिंड (d) विदिशा

उत्तर- (c) मध्य प्रदेश का उत्तरी जिला भिंड है सबसे उत्तरी जिला- मुरैना दक्षिणतम जिला- बुरहानपुर पश्चिमी जिला- अलीराजपुर पूर्वतम जिला- सिंगरौली

प्र. निवाड़ी जिसे मध्य प्रदेश में एक जिले के रूप में शामिल किया गया था वह राज्य का__ जिला है? ( जेल प्रहरी - 2020

(a) 50 वां (b) 52 वां

(c) 53 वां (d) 51 वां

उत्तर- (b) 52 वां जिला निवाड़ी- 1 अक्टूबर 2018, 53 वां जिला मऊगंज- 13 अगस्त 2023, 54 वां जिला पांढुर्णा- 5 अक्टूबर 2013, 55 वां जिला मैहर- 5 अक्टूबर 2023

प्र. वर्ष 2011 की जनगणना की दृष्टि से मध्य प्रदेश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला संभाग कौन सा है? (State Engineering – 2017)

(a) जबलपुर (b) भोपाल

(c) इंदौर (d) सागर

उत्तर- (c) मध्य प्रदेश के तीन जनसंख्या के आधार पर सबसे बड़े संभाग- ( घटते क्रम में) इंदौर, जबलपुर, उज्जैन

प्र. मध्य प्रदेश में जनसंख्या की दृष्टि से सबसे छोटा संभाग है?

(a) शहडोल (b) नर्मदापुरम

(c) चंबल (d) रीवा

उत्तर- (a) मध्य प्रदेश के तीन जनसंख्या के अनुसार सबसे छोटा संभाग- ( बढ़ते क्रम में) शहडोल, नर्मदापुरम, चंबल

YouTube
Education
सब्सक्राइब करें

प्र. सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर का जन्म मध्य प्रदेश के किस शहर में हुआ था? ( प्लाटून कमांडर - 2014)

(a) इंदौर (b) खंडवा

(c) ग्वालियर (d) उज्जैन

| |
|---|
| उत्तर- (a) इनका जन्म 1929 को इंदौर में हुआ है इन्हें सुर साम्राज्ञी और स्वर कोकिला कहा जाता है इनका बचपन का नाम हेमा है इन्हें 1999 में पद्म विभूषण और 2001 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया है |

प्र. मध्य प्रदेश की सबसे ऊंची चोटी__ है? ( पटवारी - 2017)

(a) धूपगढ़ (b) अमरकंटक

(c) सद्भावना (d) सिगार

Tez Education सब्सक्राइब करें

| |
|---|
| उत्तर- (a) मध्य प्रदेश की सबसे ऊंची चोटी – धूपगढ़, |
| सतपुड़ा पर्वत की सबसे ऊंची चोटी – धूपगढ़, |
| मैकाल श्रेणी की सबसे ऊंची चोटी – अमरकंटक, |
| राजपीपला श्रेणी की सबसे ऊंची चोटी – चूलगिरी, |

| |
|---|
| बुंदेलखंड पठार की सबसे ऊंची चोटी - सिद्ध बाबा, |
| मालवा पठार की सबसे ऊंची चोटी – सिगार, |
| विंध्याचल पर्वत की सबसे ऊंची चोटी – सद्भावना, |
| मध्य भारत पठार या ग्वालियर चंबल पठार की सबसे ऊंची चोटी - टोंगरा |

प्र. सिंगरौली एवं अलीराजपुर में सूर्योदय के समय पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए? ( डेयरी फेडरेशन - 2016)

(a) सिंगरौली में सूर्योदय 1 घंटे पहले होगा

(b) अलीराजपुर में सूर्योदय 1 घंटे पहले होगा

(c) सिंगरौली में सूर्योदय 1/2 घंटे पहले होगा

(d) अलीराजपुर में सूर्योदय 1/2 घंटे पहले होगा

| |
|---|
| उत्तर- (c) मध्य प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी भाग में 34 मिनिट का अंतर है मध्य प्रदेश के सिंगरौली में सूर्योदय आधे घंटे पहले होगा अलीराजपुर में सूर्यास्त आधे घंटे बाद होगा |

प्र. अकबर के समय तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना किस स्थान पर की?

(a) अमरकंटक (b) ओरछा

(c) उज्जैन (d) चित्रकूट

| |
|---|
| उत्तर- (d) तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना अकबर की समय चित्रकूट में ही की थी यह कामदगिरी तीर्थ स्थल स्थित है |

प्र. जैन धर्म से संबंधित मुक्तागिरी तीर्थ स्थल कहां स्थित है?

(a) चित्रकूट (b) बैतूल

(c) सोनकच्छ (d) दतिया

| |
|---|
| उत्तर- (b) जैन धर्म से संबंधित तीर्थ स्थल |
| मुक्तागिरी- बैतूल |
| पुष्पगिरी- सोनकच्छ |
| सोनगिरी- दतिया |

प्र. मध्य प्रदेश का राजकीय नाट्य कौन सा है? ( MPSI – 2017)

(a) माच (b) गम्मत

(c) कलगीतुर्रा (d) इनमें से कोई नहीं

| |
|---|
| उत्तर- (a) माच मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र का प्रमुख नाट्य है यह मालवी लोक जीवन पर आधारित होता है माच के प्रमुख कलाकार सिद्धेश्वर सेन और ओमप्रकाश शर्मा है |

प्र. मध्य प्रदेश की राजकीय फसल क्या है? ( पटवारी - 2022)

(a) गेहूं (b) चावल

(c) सोयाबीन (d) मक्का

| |
|---|
| उत्तर- (c) प्रमुख उत्पादक क्षेत्र – मालवा, |
| उत्पादक जिले – उज्जैन, धार, |
| वैज्ञानिक नाम – ग्लाइसीन मैक्स, |
| सोयाबीन अनुसंधान केंद्र – इंदौर, |
| विशेष - मध्य प्रदेश को सोया प्रदेश कहा जाता है |

प्र. अविभाजित मध्य प्रदेश में शाजापुर को किस वर्ष जिला घोषित किया गया? (MP CONSTABLE – 2021)

(a) 1904 (b) 1902

(c) 1901 (d) 1903

उत्तर- (a) अविभाजित मध्य प्रदेश में शाजापुर को 1904 में जिला घोषित किया गया

प्र. छतरपुर जिला उत्तर में____ राज्य से घिरा है? (MP CONSTABLE – 2021)

(a) राजस्थान (b) महाराष्ट्र

(c) झारखंड (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर- (d) छतरपुर जिला उत्तर में उत्तर प्रदेश राज्य से घिरा है यह जिला 1956 में अस्तित्व में आया छतरपुर जिले का औसत लिंग अनुपात 88.3 है

प्र. निम्नलिखित में से किस जिले को मध्य प्रदेश का चीनी का कटोरा कहा जाता है? (MP CONSTABLE – 2021)

(a) नरसिंहपुर (b) बैतूल

(c) सिंगरौली (d) जबलपुर

उत्तर- (a) चीनी का कटोरा- नरसिंहपुर धान का कटोरा- बालाघाट

प्र. मध्य प्रदेश में सती प्रथा के साक्ष्य कहां से प्राप्त हुए हैं?

(a) एरण (b) कसरावद

(c) कायथा (d) त्रिपुरी

उत्तर- (a) मध्य प्रदेश के सागर जिले के एरण से सती प्रथा के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं हूण आक्रमण में भानुगुप्त का सेनापति गोपराज मारा गया इसके उपरांत इसकी पत्नी के सती होने के साथ एरण से प्राप्त हुए हैं

प्र. मध्य प्रदेश में गुप्तकालीन सुपिया अभिलेख कहां से प्राप्त हुए है?

(a) अशोकनगर (b) रीवा

(c) जबलपुर (d) सिवनी

उत्तर- (b) यह अभिलेख रीवा जिले के सुपिया नामक स्थान से मिला है इसमें गुप्तों की वंशावली घटोत्कच की समय से मिलती है तथा गुप्त वंश को घटोत्कच वंश कहा गया है

YouTube सब्सक्राइब करें

प्र. निम्न में से कौन सा राष्ट्रीय राजमार्ग मध्य प्रदेश राज्य से नहीं गुजरता है? (MPPSC - 2019)

(a) NH-30 (b) NH-34

(c) NH-44 (d) NH-4

उत्तर- (d) मध्य प्रदेश के नए राष्ट्रीय राजमार्ग- NH-30, NH-34, NH-44, NH-46, NH-52

प्र. इनमें से कौन सा राष्ट्रीय राजमार्ग मध्य प्रदेश से नहीं गुजरता है? (पटवारी - 2017)

(a) NH-27 (b) NH-45

(c) NH-39 (d) NH-87

Tez Education सब्सक्राइब करें

उत्तर- (d) मध्य प्रदेश के प्रमुख विषम संख्या आवंटित राष्ट्रीय राजमार्ग- NH-27, NH-39, NH-43, NH-45, NH-47

प्र. छतरपुर जिला मध्य प्रदेश के किस प्रशासनिक संभाग से संबंधित है? ( जेल प्रहरी - 2020)

(a) शहडोल (b) जबलपुर

(c) सागर (d) चंबल

उत्तर- (c) मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला सहित सागर संभाग में टीकमगढ़, निवाड़ी, पन्ना, दमोह आदि जिले शामिल हैं

प्र. घाटीगांव वन्य जीव अभ्यारण मध्य प्रदेश के किस जिले के पास स्थित है? ( पटवारी - 2017)

(a) अलीराजपुर (b) ग्वालियर

(c) झाबुआ (d) भोपाल

उत्तर- (b) यह ग्वालियर जिले में स्थित है इसकी स्थापना 1981 में की गई यह सोन चिड़िया संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है

प्र. लिलहारी जलप्रपात, झिंगरिया झरना और छोटा महादेव झरना मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है?

(a) नरसिंहपुर (b) छिंदवाड़ा

(c) भोपाल (d) सीहोर

उत्तर- (b) कुकड़ी खापा, लिलहारी जलप्रपात, झिंगरिया जलप्रपात, छोटा महादेव झरना मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में स्थित है

YouTube Education सब्सक्राइब करें

प्र. गिदिया खो जलप्रपात मध्य प्रदेश के किस वन्य जीव अभ्यारण में स्थित है?

(a) करेरा वन्य जीव अभ्यारण

(b) केन वन्य जीव अभ्यारण

(c) फैन वन्य जीव अभ्यारण

(d) खेवनी वन्य जीव अभ्यारण

उत्तर- (d) गिदिया खो और शंकर खो जलप्रपात देवास जिले के खेवनी वन्य जीव अभ्यारण में स्थित है

प्र. मध्य प्रदेश का निम्न में से कौन सा स्थान बनास नदी के नरम नम रेत के तल के लिए प्रसिद्ध है? ( पटवारी - 2023)

(a) पारसिली

(b) पचमढ़ी

(c) हनुमंतिया

(d) नेपानगर

उत्तर- (a) सीधी जिले के मझौली विकासखंड में बनास नदी के तट पर स्थित पारसिली रिसॉर्ट रेतीले तटों और हरियाली का सुंदर दृश्य समेटे हुए हैं

प्र. मध्य प्रदेश का राज्य पशु बारहसिंगा___ में पाया जाता है? ( पटवारी - 2017)

Tez Education सब्सक्राइब करें

(a) पेंच राष्ट्रीय उद्यान (b) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान

(c) केन वन्य जीव अभ्यारण (d) बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान

उत्तर- (b) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मंडला बालाघाट जिले में स्थित है यह मध्य प्रदेश का पहला राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण और पहला टाइगर रिजर्व है यह राजकीय पशु बारासिंगा के लिए प्रसिद्ध है

प्र. सतपुड़ा थर्मल पॉवर प्लांट कहां स्थित है?

(a) सारणी (b) परासिया

(c) मोहपानी (d) वीरसिंहपुर

उत्तर- (a) यह बैतूल जिले के सारणी में स्थित है इसकी क्षमता 1340 मेगावॉट है इसका मुख्य जल स्रोत तवा नदी है

प्र. मध्य प्रदेश में क्षेत्रफल के अनुसार सबसे बड़ा संभाग है? (ANM Exam – 2017)

(a) जबलपुर (b) भोपाल

(c) इंदौर (d) शहडोल

उत्तर- (a) सर्वाधिक क्षेत्रफल वाले संभाग- जबलपुर, इंदौर, सागर

प्र. मध्य प्रदेश में क्षेत्रफल के अनुसार सबसे छोटा संभाग है?

(a) शहडोल (b) चंबल

(c) नर्मदापुरम (d) रीवा

उत्तर- (a) न्यूनतम क्षेत्रफल वाले संभाग- शहडोल, चंबल, नर्मदापुरम

प्र. मध्य प्रदेश में सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला कौन सा है? ( जेल प्रहरी - 2017)

(a) इंदौर (b) जबलपुर

(c) भोपाल (d) ग्वालियर

उत्तर- (a) मध्य प्रदेश के सर्वाधिक जनसंख्या वाले जिले- इंदौर, जबलपुर, सागर

YouTube Tez